कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 03-05-2025

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा "छात्र-पुलिस-संवाद" कार्यक्रम में "सुरक्षित-सड़क, सुरक्षित-भविष्य" विषय पर किया गया संवाद।

- पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रावाल व अपर पुलिस महानिदेशक यातायात श्री के0 सत्यनारायण द्वारा "छात्र-पुलिस-संवाद" कार्यक्रम में सुरक्षित यातायात की जानकारी दी गयी एवं छात्रों के सवालों का दिया गया जबाव।
- छात्रों को गोल्डेन ऑवर का महत्व व गुड-सेमेरिटन कानून (घायल की मदद करने वालों को कानूनी संरक्षण) की जानकारी प्रदान कर सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने हेतु प्रेरित किया गया।
- "छात्र-पुलिस-संवाद" कार्यक्रम में छात्रों को "सुरक्षित-सड़क, सुरक्षित-भविष्य" विषय पर जानकारी दी गयी-
    - यातायात नियमों का पालन करें।
    - वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करें।
    - ट्रैफिक संकेतों व सिग्नलों का सम्मान करें।
    - नशे में वाहन न चलाये।
    - वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।
    - तेज गति में, स्टंट ड्राइविंग व खतरनाक ड्राइविंग से बचे।
- "छात्र-पुलिस-संवाद" कार्यक्रम में यातायात क्विज प्रतियोगित आयोजित कर अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्राफी प्रदान कर किया गया पुरस्कृत।
    - देव व अहान (सनबीम स्कूल वरूणा) - प्रथम
    - पीयूष व लकी (सेन्ट मेरी कान्वेंट स्कूल) - द्वितीय
    - अब्दुल व सिद्धान्त (आनन्दराम जयपुरिया स्कूल)- तृतीय

- **छात्रों को संवाद कार्यक्रम के तहत दी गयी जानकारी का स्वंय पालन करने, एवं अपने अभिभावक, परिजनों व साथियों को भी जानकारी प्रदान कर यातायात नियमों का पालन करने हेतु करें प्रेरित।**
- **तेज गति में चल रहे वाहनों को चिन्हित कर कार्यवाही करने हेतु 01 इन्टरसेप्टर इनोवा, 04 इन्टरसेप्टर बाइक को फ्लैग दिखाकर किया गया रवाना।**
- **यातायात पुलिस कर्मियों को गर्मी के दृष्टिगत बैट्री ऑपरेटेड AC हेल्मेट किया गया प्रदान।**

आज दिनांक 03-05-2025 को **पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल एवं अपर पुलिस महानिदेशक यातायात श्री के0 सत्यनारायण द्वारा सनबीम स्कूल वरूणा के ऑडिटोरीयम में "सुरक्षित-सड़क, सुरक्षित-भविष्य" विषय पर "छात्र-पुलिस-संवाद" कार्यक्रम के तहत छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए सड़क सुरक्षा व सुरक्षित यातायात नियमों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी**। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को श्रीमान् पुलिस आयुक्त एवं अपर पुलिस महानिदेशक यातायात महोदय द्वारा ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों का पालन करने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा हुआ विषय है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इस अवसर पर छात्रों को हेलमेट, सीट-बेल्ट के उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल के महत्व, ओवर-स्पीडिंग, स्टंट-ड्राइविंग, नशे में गाड़ी चलाने के खतरे आदि के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गयी।

उक्त कार्यक्रम में सनबीम स्कूल वरूणा, सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल सोना तालाब, सेठ आनन्द राम जयपुरिया स्कूल एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चेयरमैन सनबीम ग्रुप श्री दीपक मधोक व विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनुपमा मिश्रा एवं शिक्षकगण भी मौजूद रहे। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) श्री एस0 चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) श्री अनिल कुमार यादव, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) श्री राजेश कुमार पाण्डेय, सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) व यातायात पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।